दिनांक 3 दिसंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अवैध रूप से किए गए प्लाटिंग पर चला निगम का बुलडोजर

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के कुरूद क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से प्लाटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 16 कुरूद, रुंगटा कॉलेज के पीछे के अनाधिकृत रूप से निर्माण किए गए बाउंड्री, मार्ग संरचना, चूना लाइन को जेसीबी से हटाकर मूल स्वरूप में आज तब्दील कर दिया गया तथा चार ट्रक मुरूम भी मौके से जप्त किया गया! कुरुद क्षेत्र के बिजली ऑफिस के पास भी इसी प्रकार से निर्माण के लिए नीव तैयार की गई थी जिसे भी निगम की तोड़फोड़ दस्ता ने हटाने की कार्यवाही की! निगम भिलाई द्वारा पूर्व में भी कई दफा अवैध निर्माणकर्ता, अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने हेतु कार्यवाही की जाती रही है कुरूद क्षेत्र में ही इसी प्रकार की कार्यवाही पूर्व में भी की गई है, गौर करने वाली बात यह है कि अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले सामने उपस्थित नहीं होते हैं परंतु मार्ग संरचना आदि तैयार कर प्लाट को विक्रय हेतु तैयार कर देते हैं, खमरिया एवं जुनवानी में भी इसी प्रकार की स्थिति निर्मित हुई थी

जल है तो कल है

जल ही जीवन है !